बच्चों के लिए 46 वीं जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी 2019

46th JAWAHARLAL NEHRU NATIONAL SCIENCE, MATHEMATICS AND ENVIRONMENT EXHIBITION FOR CHILDREN 2019

बच्चों के लिए 46 वीं जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी 2019 का आयोजन रायपुर, छत्तीसगढ में एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी दिनांक 15–20 अक्टूबर 2019 तक आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण प्रदर्शनी का आयोजन एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली द्वारा सन 1971 में प्रारंभ किया गया था। सन 1978 तक यह दिल्ली में तथा उसके बाद यह देश के विभिन्न भागों में आयोजित की जा रही है।

इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य कार्यकारी मॉडल एवं विभिन्न कियाकलापों द्वारा 14–18 वर्ष के स्कूली बच्चों को उनकी विज्ञान एवं गणित की समझ, सृजनता, नवाचार तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के लिए मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में प्रस्तुत प्रत्येक प्रदर्श के सृजन में जिज्ञासु बाल वैज्ञानिकों द्वारा एक या अनेक समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाता है। प्रदर्शनी का मुख्य महत्व बच्चों को सामाजिक समस्याओं के प्रति विज्ञान एवं गणित द्वारा समाधान हेतु प्रोत्साहित करना है।

प्रदर्शनी में बच्चों को, अपने कार्यों के प्रदर्शन एवं उन्हें दर्शकों एवं साथियों के साथ आदान–प्रदान करने के अवसर मिलते हैं। इस राष्ट्रीय प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा निर्मित प्रदर्श एवं मॉडल स्कूलों से ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर तक पहुँचते हैं। अतः यह प्रदर्शनी स्कूलों से बच्चों की राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता एवं गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शों के प्रदर्शन का अवसर उपलब्ध कराती है। इस प्रदर्शनी में देश के सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के विद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षक सहभागिता करते हैं।

46 वीं जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का मुख्य विषय "जीवन की चुनौतियों के लिए वैज्ञानिक समाधान (Scientific Solutions for Challenges in Life)" है। प्रदर्शों एवं मॉडलों का प्रदर्शन छः भागों कमशः कृषि एवं जैविक खेती (Agriculture and Organic Farming), स्वास्थ्य एवं स्वच्छता (Health and Cleanliness), संसाधन प्रबंधन (Resource Managment), अपशिष्ट प्रबंधन (Waste Managment), परिवहन एवं संचार (Transport and Communication) और गणितीय प्रतिरूपण (Mathematical Modelling) में है।